1. शेयरधारकों को ई-वोटिंग वेबसाइट www.evotingindia.com पर लॉग ऑन करना चाहिए ।
2. "शेयरधारक" मॉड्यूल पर क्लिक करें।
3. अब अपना यूजर आईडी प्रविष्ट करें
   - सीडीएसएल के लिए: 16 अंकों की लाभार्थी आइडी,
   - बी. एनएसडीएल के लिए: 8 अक्षरों की डीपी आइडी के बाद 8 अंकों की क्लाइंट आइडी,
   - सी. भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों को बैंक के साथ पंजीकृत फोलियो नंबर प्रविष्ट करना चाहिए।
4. इसके बाद प्रदर्शित इमेज़ वेरिफिकेशन की प्रविष्टि करें और लॉगिन पर क्लिक करें।
5. यदि आपके पास डीमैट रुप में शेयर हैं और आपने www.evotingindia.com पर लॉग इन कर किसी कंपनी के पूर्व ई-वोटिंग में वोट किया है, तब आपके मौजूदा पासवर्ड का उपयोग किया जाना है ।
6. यदि आप पहली बार प्रयोग कर रहे हैं, तो निम्नलिखित का पालन करें:

डीमैट में शेयर रखने वाले वैयक्तिक शेयरधारकों के अलावा और भौतिक रुप में शेयरधारित करने वाले शेयरधारकों के लिए।	
पैन	आयकर विभाग द्वारा जारी अपना 10-अंकीय अल्फा-न्यूमेरिक *पैन प्रविष्ट करें (दोनों डीमैट शेयरधारकों के साथ-साथ भौतिक शेयरधारकों के लिए लागू) • जिन शेयरधारकों ने कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी के साथ अपना पैन अपडेट नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे कंपनी/आरटीए द्वारा भेजे गए अनुक्रम संख्या का उपयोग करें या कंपनी/आरटीए से संपर्क करें।
लाभांश बैंक विवरण **या** जन्म तिथि (डीओबी)	लॉगिन करने के लिए अपने डीमैट खाते या कंपनी के रिकॉर्ड में प्रविष्ट लाभांश बैंक विवरण या जन्म तिथि (डीडी/एमएम/ वाईवाईवाई प्रारूप में) प्रविष्ट करें। • यदि दोनों विवरण डिपॉजिटरी या बैंक के पास प्रविष्ट नहीं हैं, तो कृपया लाभांश बैंक विवरण फ़ील्ड में सदस्य आइडी / फोलियो नंबर प्रविष्ट करें।

7. इन विवरणों को उचित रूप से भरने करने के बाद, "सबमिट" टैब पर क्लिक करें।
8. भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारक सीधे कंपनी चयन स्क्रीन पर पहुंच जाएंगे । हालांकि, डीमैट फॉर्म में शेयर रखने वाले शेयरधारक अब 'पासवर्ड क्रिएशन' मेनू पर पहुंचेंगे, जहां उन्हें नए पासवर्ड फ़ील्ड में अनिवार्य रूप से अपना लॉगिन पासवर्ड प्रविष्ट करना होगा। कृपया ध्यान दें कि इस पासवर्ड का उपयोग डीमैट धारकों द्वारा किसी अन्य कंपनी के संकल्पों के लिए वोटिंग के लिए भी किया जाना है, जिस पर वे वोट करने के पात्र हैं, बशर्ते कि वह कंपनी सीडीएसएल प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से ई - वोटिंग का विकल्प चुनते हो। यह दृढ़ता से अनुशंसा की जाती है कि आप अपना पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा न करें और अपने पासवर्ड को गोपनीय रखने के लिए अत्यधिक सावधानी बरतें।
9. भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारकों के लिए, विवरण का उपयोग केवल इस नोटिस में निहित संकल्पों पर ई-वोटिंग के लिए किया जा सकता है।

10. एजीएम 2025 के एजेंडे की ई-वोटिंग के लिए **ईवीएसएन 250602003** पर क्लिक करें।
11. वोटिंग पेज पर आपको "संकल्प विवरण" दिखाई देगा और उसके सामने वोटिंग के लिए "हाँ/नहीं" विकल्प होगा। अपनी इच्छानुसार हाँ या नहीं विकल्प चुनें। "हाँ" विकल्प का अर्थ है कि आप संकल्प से सहमत हैं और "नहीं" विकल्प का अर्थ है कि आप संकल्प से असहमत हैं।
12. यदि आप संपूर्ण संकल्प विवरण देखना चाहते हैं तो "रिज़ॉल्यूशन फ़ाइल लिंक" पर क्लिक करें।
13. संकल्प पर चयन के बाद आपको वोट डालने का निश्चय करना है और फिर, "सबमिट" पर क्लिक करना है । एक पुष्टिकरण बॉक्स प्रदर्शित होगा। यदि आप अपने मत को पुष्ट करना चाहते हैं, तो "ओके" पर क्लिक करें, अन्यथा अपना वोट बदलने के लिए, "कैंसल" पर क्लिक करें और तदनुसार अपना वोट बदलें ।
14. एक बार संकल्प पर अपना वोट "पुष्टि" करने के बाद, आपको अपना वोट बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
15. आप मतदान पृष्ठ पर "क्लिक हियर टू प्रिंट" विकल्प पर क्लिक करके डाले गए वोटों का प्रिंट भी ले सकते हैं।
16. यदि कोई डीमैट खाताधारक लॉगिन पासवर्ड भूल गया है, तो उपयोगकर्ता आइडी और इमेज़ वेरिफिकेशन कोड प्रविष्ट करें और फॉरगेट पासवर्ड पर क्लिक करें और सिस्टम द्वारा पूछे गए विवरण प्रविष्ट करें।
17. यदि कोई बीआर/पीओए अपलोड किया गया है तो अपलोड करने का वैकल्पिक प्रावधान भी है, जिसे जांचकर्ता को सत्यापन के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

ऐसे शेयरधारकों के लिए प्रक्रिया जिनके ईमेल पते डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत नहीं हैं, इस नोटिस में प्रस्तावित संकल्प के लिए ई-वोटिंग हेतु लॉगिन विवरण प्राप्त करने की प्रक्रिया :

1. **भौतिक शेयरधारकों के लिए** - कृपया ऑनलाइन निवेशक पोर्टल https://wisdom.cameoindia.com/ पर लॉग इन करके आवश्यक विवरण जैसे फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति (सामने और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्वयं-सत्यापित स्कैन की गई प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्वयं-सत्यापित स्कैन की गई प्रति) प्रदान करें ।
2. **डीमैट शेयरधारकों के लिए** -कृपया अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी (डीपी) सहित अपना ईमेल आइडी और मोबाइल नंबर अपडेट करें।
3. **वैयक्तिक डीमैट शेयरधारकों के लिए** - कृपया अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी (डीपी) के साथ अपना ईमेल आइडी और मोबाइल नंबर अपडेट करें, जो ई-वोटिंग और डिपॉजिटरी के माध्यम से वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने के दौरान अनिवार्य है।

वीसी/ओएवीएम और ई-वोटिंग के माध्यम से एजीएम/ईजीएम में भाग लेने वाले शेयरधारकों के लिए अनुदेश निम्नवत हैं::

1. एजीएम/ईजीएम के दिन बैठक में भाग लेने एवं ई-वोटिंग में उपस्थिति रहने का वही अनुदेश है, जो ई-वोटिंग के लिए उल्लेखित है ।
2. ई -वोटिंग के लिए उक्त उल्लिखित निर्देशों के अनुसार सफल लॉगिन के पश्चात, जहां बैंक का ईवीएसएन प्रदर्शित होगा वही बैठक में भाग लेने के लिए वीसी/ओएवीएम के लिए लिंक उपलब्ध रहेगा ।
3. शेयरधारको को सुझाव दिया जाता है कि कि बेहतर अनुभव के लिए लैपटॉप/ आईपैड के माध्यम से जुड़े ।
4. आगे शेयरधारकों को बैठक के दौरान कैमरा की अनुमति देना आवश्यक होगा और किसी व्यवधान से बचने के लिए अच्छी स्पीड वाले इंटरनेट का प्रयोग करें ।
5. कृपया ध्यान दें कि मोबाइल डिवाइस या टैबलेट से या मोबाइल हॉटस्पॉट के माध्यम से लैपटॉप से कनेक्ट होने वाले प्रतिभागियों को अपने संबंधित नेटवर्क में उतार-चढ़ाव के कारण दृश्य/श्रव्य बाधा का अनुभव हो सकता है। इसलिए सुझाव दिया जाता है कि किसी भी तरह की उपरोक्त गड़बड़ियों को कम करने के लिए स्टेबल वाई-फाई या लैन कनेक्शन का उपयोग करें ।
6. शेयरधारक नोटिस में उल्लिखित प्रक्रिया का पालन करके बैठक शुरू होने के निर्धारित समय से 15 मिनट पहले और बाद में वीसी/ओएवीएम मोड के माध्यम से एजीएम में शामिल हो सकते हैं । वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने की सुविधा पहले आओ पहले पाओ के आधार पर 1,000 शेयरधारकों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें वृहत शेयरधारक (2% या उससे अधिक शेयरधारिता रखने वाले शेयरधारक), प्रमोटर, संस्थागत निवेशक, निदेशक, मुख्य कार्मिक प्रबंधक, लेखा परीक्षा समिति, नामांकन और पारिश्रमिक समिति और हितधारक संबंध समिति के अध्यक्ष, लेखा परीक्षक आदि शामिल नहीं होंगे, जिन्हें बिना किसी प्रतिबंध के पहले आओ पहले पाओ के आधार पर एजीएम में भाग लेने की अनुमति है।
7. जो शेयरधारक बैठक के दौरान अपने विचार व्यक्त करना/प्रश्न पूछना चाहते हैं, वे अपना नाम, डीमैट खाता संख्या/फोलियो

संख्या, ईमेल आइडी, मोबाइल नंबर investor@iobnet.co.in पर सूचित कर अपना अनुरोध भेजकर वक्ता के रूप में खुद को पंजीकृत कर सकते हैं। वक्ता शेयरधारक के पंजीकरण के लिए विंडो **20 जून, 2025 से 26 जून, 2025** तक खुली रखी जाएगी। जो शेयरधारक एजीएम के दौरान बोलना नहीं चाहते हैं, लेकिन उनके पास प्रश्न हैं, वे अपने नाम, डीमैट खाता संख्या/ फोलियो संख्या, ईमेल आइडी, मोबाइल नंबर investor@iobnet.co.in पर बताते हुए **26 जून, 2025** से पहले अपने प्रश्न भेज सकते हैं। इन प्रश्नों का बैंक द्वारा ईमेल द्वारा उचित रूप से उत्तर दिया जाएगा।

8. जिन शेयरधारकों ने स्वयं को वक्ता के रूप में पंजीकृत करावाया है, केवल उन्हें ही बैठक के दौरान अपने विचार व्यक्त करने/प्रश्न पूछने की अनुमति होगी।
9. इण्डियन ओवरसीज़ बैंक शेयरधारकों को (शेयर व बैठक) विनियमन, 2003 के नियम 58 और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अनुसार वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में प्रतिभागिता करने शेयरधारको की गिनती गणपूर्ति के उद्देश्य से की जाएगी।
10. केवल वे शेयरधारक, जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हैं और जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से संकल्पों पर अपना वोट नहीं डाला है और उन्हें ऐसा करने से अन्यथा प्रतिबंधित नहीं किया गया है, वे एजीएम के दौरान उपलब्ध ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से वोट देने के पात्र होंगे।
11. एक बार जब कोई सदस्य किसी संकल्प पर वोट डाल देने के पश्चात, उसे सदस्य न परिवर्तन कर सकते हैं या न ही पुनः वोट डाल सकते हैं।
12. यदि शेयरधारकों द्वारा वार्षिक आम बैठक के दौरान उपलब्ध ई-वोटिंग के माध्यम से कोई वोट डाला जाता है और यदि उन्हीं शेयरधारकों ने वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से बैठक में भाग नहीं लिया है, तो ऐसे शेयरधारकों द्वारा डाले गए वोटों को अवैध माना जाएगा, क्योंकि बैठक के दौरान ई-वोटिंग की सुविधा केवल बैठक में भाग लेने वाले शेयरधारकों के लिए ही उपलब्ध है।
13. रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने वाले शेयरधारक एजीएम में भाग लेने के पात्र होंगे। हालांकि, वे एजीएम में मतदान करने के पात्र नहीं होंगे।

अवैयक्तिक शेयरधारकों और संरक्षकों के लिए नोट - केवल रिमोट वोटिंग के लिए

- अवैयक्तिक शेयरधारकों (अर्थात, वैयक्तिक, एचयूएफ, एनआरआई आदि के अलावा) और संरक्षक www.evotingindia.com पर लॉग ऑन करें और स्वयं को "कॉर्पोरेट" मॉड्यूल में पंजीकृत करें।
- पंजीकरण फॉर्म की स्कैन की गई प्रति, जिस पर संस्था की मुहर और हस्ताक्षर अंकित हो, उसे helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल करें।
- लॉगिन विवरण प्राप्त करने के बाद एडमिन लॉगिन और पासवर्ड का उपयोग कर एक अनुपालित उपयोगकर्ता सृजन करें। अनुपालित उपयोगकर्ता उस खाते को लिंक करने में सक्षम होगा जिसके लिए वे वोट करना चाहते हैं।
- लॉगिन में लिंक किए गए खातों की सूची helpdesk.evoting@cdslindia.com पर मेल करें और खातों के अनुमोदन के बाद वे अपना वोट डाल सकेंगे।
- बोर्ड के संकल्प और मुख्तारनामा (पीओए) की स्कैन की गई प्रति, जो उन्होंने कस्टोडियन के पक्ष में जारी की है, यदि कोई हो, तो उसे पीडीएफ प्रारूप में सिस्टम में अपलोड किया जाना चाहिए ताकि जांचकर्ता उसे सत्यापित कर सकें।
- वैकल्पिक रूप से, अवैयक्तिक शेयरधारकों को जो वोट देने के लिए प्राधिकृत हैं, उन्हें सम्बंधित बोर्ड संकल्प/प्राधिकरण पत्र आदि को सक्षम प्राधिकारी से सत्यापित करवाकर उनके नमूना हस्ताक्षर को सत्यापन के बाद संवीक्षक को अनिवार्य रुप से भेजें यदि वह वैयक्तिक टैब पर दिए गए हैं और सीडीएसएल ई-वोटिंग प्रणाली में अपलोड नहीं किया है तो बैंक को मेल यानी investor@iobnet.co.in पर भेजें साथ ही कॉपी rsaevoting@gmail.com को मार्क करें।

यदि आपके पास एजीएम में भाग लेने और ई-वोटिंग सिस्टम से ई-वोटिंग के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप helpdesk.evoting@cdslindia.com **पर ईमेल भेज सकते हैं** या टोल फ्री नंबर 1800 21 09911 पर संपर्क कर सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से संबंधित सभी शिकायतें श्री राकेश दलवी, वरिष्ठ प्रबंधक, (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - 400 013 को कर सकते हैं या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल भेज सकते हैं या टोल फ्री नंबर 1800 21 09911 पर कॉल कर सकते हैं।

एफ) प्रॉक्सी की नियुक्ति:

एमसीए परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल, 2020 के अनुसार, शेयरधारकों की ओर से उपस्थित होने और वोट देने के लिए प्रॉक्सी नियुक्त करने की सुविधा इस एजीएम के लिए उपलब्ध नहीं है, क्योंकि यह वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जा रही है। तदनुसार, प्रॉक्सी फॉर्म और उपस्थिति स्लिप इस नोटिस के साथ संलग्न नहीं हैं।

जी) अधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति:

कॉर्पोरेट निकाय वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने और उसमें भाग लेने तथा ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट देने के लिए अधिकृत प्रतिनिधियों को नियुक्त करने के पात्र हैं। संस्थागत/ कॉर्पोरेट शेयरधारकों (अर्थात, वैयक्तिक/एचयूएफ, एनआरआई, आदि के अलावा) को अपने बोर्ड संकल्प या शासी निकाय संकल्प/ प्राधिकरण आदि की स्कैन की गई प्रति (पीडीएफ/जेपीईजी प्रारूप) भेजनी होगी, जो उनके प्रतिनिधि को वीसी/ओएवीएम के माध्यम से वार्षिक आम बैठक में भाग लेने तथा ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने के लिए अधिकृत करेगी। उक्त संकल्प/प्राधिकरण को वार्षिक आम बैठक की तिथि से कम से कम चार दिन पहले यानी शुक्रवार, 27 जून, 2025 को शाम 4:00 बजे (आईएसटी) से पहले जांचकर्ता को उनके पंजीकृत ईमेल पते rsaevoting@gmail.com पर ईमेल द्वारा जिसकी प्रति investor@iobnet.co.in पर भेजना आवश्यक है ।

एच) पता परिवर्तन:

भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे औपचारिक अनुरोध, यदि कोई हो, बैंक के शेयर हस्तांतरण एजेंट को निम्नलिखित पते पर भेजें:

मेसर्स कैमियो कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
(इकाई-इण्डियन ओवरसीज़ बैंक)
सुब्रमणियन बिल्डिंग, पंचम तल ,
1 क्लब हाउस रोड, चेन्नै – 600 002
टेलीफोन: 044 - 4002 0700
ऑनलाइन इंवेस्टर पोर्टल: https://wisdom.cameoindia.com
वेबसाइट: www.cameoindia.com

इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे किसी भी परिवर्तन की सूचना, यदि कोई हो, केवल अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों को ही दें।

i) पैन, केवाईसी, बैंक विवरण और नामांकन प्रस्तुत करने के मानदंड:

सेबी मास्टर परिपत्र सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/पीओडी-1/पी/सीआईआर/2024/37 दिनांकित 7 मई 2024 के अनुसार भौतिक प्रतिभूतियों के धारकों द्वारा पैन, केवाईसी विवरण और नामांकन प्रस्तुत करना अनिवार्य है और यह प्रावधान करता है कि प्रतिभूति धारकों (भौतिक रूप में प्रतिभूतियां रखने वाले) को कोई लाभांश/ ब्याज, जिनके फोलियो में पैन या नामांकन का विकल्प या संपर्क विवरण या मोबाइल नंबर या बैंक खाता विवरण या नमूना हस्ताक्षर अपडेट नहीं हैं, वे अप्रैल 2024 से केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से लाभांश/ब्याज के किसी भी भुगतान के लिए पात्र होंगे, बशर्ते कि वे उपरोक्त सभी विवरण संपूर्ण रूप से प्रस्तुत करें।

सूचीबद्ध कंपनियों में भौतिक प्रतिभूतियों के सभी धारकों के लिए अपने संबंधित फोलियो नंबर के लिए पैन, नामांकन, संपर्क विवरण, बैंक खाता विवरण और नमूना हस्ताक्षर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। तदनुसार, यह एक बार पुन: दोहराया जाता है कि भौतिक प्रतिभूतियों के सभी धारकों और दावेदारों के लिए आरटीए को उपर्युक्त सभी विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

उपरोक्त सेबी परिपत्र के अनुसार, शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे नीचे उल्लिखित फॉर्म में वैध पैन, ई-मेल पता, मोबाइल नंबर, बैंक खाता विवरण और नामांकन विवरण तुरंत नीचे उल्लिखित पते पर आरटीए को प्रस्तुत करें:

क्रमांक	रूप	उद्देश्य
1	फॉर्म आईएसआर -1	पैन, केवाईसी विवरण पंजीकृत/अद्यतित करने के लिए
2	फॉर्म आईएसआर -2	बैंक द्वारा प्रतिभूति धारक के हस्ताक्षर की पुष्टि करने के लिए
3	फॉर्म आईएसआर -3	नामांकन 4 से बाहर निकलने के लिए घोषणा प्रपत्र
4	फॉर्म आईएसआर -13	नामांकन फार्म
5	फॉर्म आईएसआर -14	नामांकन रद्द करना या उसमें परिवर्तन (यदि कोई हो)

कैमियो कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड.
(इकाई-इण्डियन ओवरसीज़ बैंक)
सुब्रमण्यम बिल्डिंग, पंचम तल,
1 क्लब हाउस रोड, चेन्नै – 600 002
टेलीफोन: 044 - 4002 0700
ऑनलाइन इंवेस्टर पोर्टल: https://wisdom.cameoindia.com
वेबसाइट: www.cameoindia.com

जे) भौतिक होल्डिंग्स का अमूर्तीकरण :

सेबी ने 01 अप्रैल 2019 से सूचीबद्ध कंपनियों को भौतिक रूप में रखी गई प्रतिभूतियों के हस्तांतरण के अनुरोध को स्वीकार करने से रोकने के लि ए सेबी (सूचीबद्ध बाध्यताएंऔर प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के प्रासंगिक प्रावधानों में संशोधन किया है। इसके अलावा, संशोधन 2022 के तहत यह अनिवार्य किया गया है कि भौतिक या डीमेट रूप में रखी गई प्रतिभूतियों का ट्रांसमिशन या ट्रांसपोज़िशन केवल डीमैट रूप में ही किया जाएगा । जो शेयरधारक इस तिथि के बाद भी भौतिक रूप में शेयर रखना जारी रखते हैं, वे आगे के हस्तांतरण के लिए बैंक/उसके आरटीए के पास शेयर जमा नहीं कर पाएंगे। अगर वे कोई हस्तांतरण करना चाहते हैं, तो उन्हें अनिवार्य रूप से उन्हें डीमैट रूप में परिवर्तित करना होगा। आरटीए द्वारा केवल भौतिक रुप में प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी और हस्तांतरण के अनुरोध स्वीकार किए जाएंगे ।

उपर्युक्त संशोधन के मद्देनजर, बैंक के शेयरधारकों, जो इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के भौतिक शेयर रखते हैं, को एक बार फिर सूचना दी जाती है कि वे अपने शेयरों को डीमैटरियलाइज़ करवा लें। शेयरधारक किसी भी डिपॉजिटरी प्रतिभागी के माध्यम से दो डिपॉजिटरी, यानी नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड या सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज इंडिया लिमिटेड में से किसी में भी डीमैट खाता खोल सकते हैं।

के) शेयरों के अमूर्तीकरण के लाभ:

शेयर प्रमाणपत्र के खोने और टूट-फूट का कोई खतरा नहीं, प्रतिभूतियों को रखने का आसान और सुविधाजनक तरीका, प्रतिभूतियों का तत्काल हस्तांतरण, प्रतिभूतियों के हस्तांतरण के लिए कम कागजी कार्रवाई और कम लेन-देन लागत आदि।

एल) रिमोट ई-वोटिंग और एजीएम के दौरान ई-वोटिंग के परिणाम:

संवीक्षक वार्षिक आम बैठक में ई-वोटिंग के समापन के पश्चात, प्रथमत: एजीएम के दौरान डाले गए वोटों की गणना करेंगे, उसके बाद एजीएम समापन के 48 घंटे के भीतर, रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोट देना बंद करवाएंगे । पक्ष में या विपक्ष में पड़े कुल वोट की एक समेकित संवीक्षक रिपोर्ट, यदि कोई हो, उनके द्वारा लिखित रूप से अधिकृत व्यक्ति या अध्यक्ष, जो उस पर प्रतिहस्ताक्षर करेंगे। वेबसाइट अपनी वेबसाइट पर रिमोट ई-वोटिंग के परिणामों के साथ एजीएम के दौरान ई वोटिंग के परिणाम घोषित करेगा और स्टॉक एक्सचेंजों को भी सूचित करेगा।

निदेशक मंडल के आदेश से
कृते इण्डियन ओवरसीज़ बैंक

- ह/-

स्थान: चेन्नै
दिनांक : 06, जून 2025

(अजय कुमार श्रीवास्तव)
प्रबंध निदेशक व सीईओ

व्याख्यात्मक विवरण

कार्यसूची मद सं. 2

सुश्री नीलम अग्रवाल की बैंक के गैर-कार्यपालक निदेशक (सरकार द्वारा नामित निदेशक) के रूप में नियुक्ति।

बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 की उप-धारा (3) के खंड (बी) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसार, केंद्र सरकार ने अधिसूचना ईएफ संख्या 6/2 (ii) / 2022-बीओ.आई दिनांकित 05 अगस्त , 2024 के माध्यम से सुश्री नीलम अग्रवाल (निदेशक, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग) को तत्काल प्रभाव से और अगले आदेश तक इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के बोर्ड में निदेशक के रूप में नामित किया है। वे श्री कार्तिकिय मिश्रा के स्थान पर काम करेंगी।

सुश्री नीलम अग्रवाल भारतीय राजस्व सेवा की 2008 बैच की अधिकारी हैं। उन्हें 05.08.2024 से इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के बोर्ड में भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

सुश्री नीलम अग्रवाल वर्तमान में भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग में निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें आयकर विभाग में विभिन्न चुनौतीपूर्ण कार्यभार संभालने का एक दशक से भी अधिक का व्यापक अनुभव है।

सुश्री नीलम अग्रवाल ने रांची विश्वविद्यालय से बीए (ऑनर्स) की डिग्री प्राप्त की है। भारतीय राजस्व सेवा में शामिल होने से पहले, उन्हें झारखंड प्रशासनिक सेवा के लिए चुना गया था और उन्होंने कुछ वर्षों तक झारखंड राज्य में सेवा की।

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में शेयरधारिता शून्य है।

परस्पर निदेशकत्व : शून्य

अन्य निदेशकत्व: शून्य

सुश्री नीलम अग्रवाल या उनके रिश्तेदार के अतिरिक्त बैंक के कोई भी निदेशक और मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक अथवा उनके रिश्तेदारों की बैंक में उनकी शेयरधारिता की सीमा तक, यदि कोई हो, तो वह एजीएम की संलग्न सूचना में निर्धारित सामान्य संकल्प की मद संख्या 2 से सम्बंधित अथवा हितबद्ध नहीं है ।

कार्यसूची मद सं. 3

श्री दीपक शर्मा की बैंक के अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्ति (पुनः नामांकन)।

राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण उपबंध) योजना, 1970 के खंड (3) के उपखंड (1) के साथ पठित बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (एच) और उपधारा (3ए) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिसूचना ईएफ.सं.6/1(वी)/2024-बीओ.आई दिनांकित 11 अप्रैल, 2025 के द्वारा श्री दीपक शर्मा को अधिसूचना की तिथि से एक वर्ष की अवधि अर्थात 11 अप्रैल, 2025 तक या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, बैंक के बोर्ड में अंशकालिक गैर -सरकारी निदेशक के रूप में पुनः नामित किया गया है।

श्री दीपक शर्मा को 11 अप्रैल, 2025 को इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के निदेशक के रूप में पुन: नामित किया गया है। उनके पास रियल एस्टेट उद्योग में व्यापक अनुभव है। साथ ही उनके पास वित्त, कानूनी और अनुपालन, नेतृत्व कौशल, परियोजना प्रबंधन और संचालन के अनूठे संयोजन में प्रासंगिक अनुभव है। साथ ही उन्होंने विभिन्न निजी क्षेत्र की कंपनियों में विभिन्न पदों पर भी काम किया है।

श्री दीपक शर्मा के पास बी.कॉम, ईपीजीडीआईबी (आईआईएफटी), एलएलबी, एलएलएम (रियल एस्टेट) की योग्यता है।

बैंक के निदेशक के रूप में पिछला कार्यकाल: 21.12.2021 से 20.12.2024 तक।

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में शेयरधारिता शून्य है।

परस्पर निदेशकत्व : शून्य

अन्य निदेशकत्व: शून्य

श्री दीपक शर्मा या उनके रिश्तेदार के अतिरिक्त बैंक के कोई भी निदेशक और मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक अथवा उनके रिश्तेदारों की बैंक में उनकी शेयरधारिता की सीमा तक, यदि कोई हो, तो वह एजीएम की संलग्न सूचना में निर्धारित विशेष संकल्प की मद 3 संख्या से सम्बंधित अथवा हितबद्ध नहीं है ।

कार्यसूची मद सं . 4

श्री बी. चंद्रा रेड्डी की बैंक के अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्ति (पुनः नामांकन)।

राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण प्रावधान) योजना, 1970 के खंड (3) के उपखंड (1) के साथ पठित बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (एच) और उपधारा (3ए) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिसूचना ईएफ.सं.6/1(vi)/2024-बीओ.I दिनांकित 11 अप्रैल, 2025 के द्वारा श्री बी. चंद्रा रेड्डी को अधिसूचना की तिथि से एक वर्ष की अवधि अर्थात 11 अप्रैल, 2025 तक या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, बैंक के बोर्ड में अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के रूप में पुनः नामित किया गया है।

श्री बी. चंद्रा रेड्डी को 11 अप्रैल, 2025 को इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के निदेशक के रूप में पुन: नामित किया गया है। उन्हें ऑडिटिंग का व्यापक अनुभव है। इससे पहले वे 2020-2021 के दौरान यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में वैधानिक बैंक ऑडिटर थे। इसके अलावा, उन्होंने विभिन्न निजी क्षेत्र की कंपनियों में विभिन्न पदों पर भी काम किया है।

वह भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान के फेलो सदस्य हैं और वाणिज्य में मास्टर डिग्री रखते हैं ।

बैंक के निदेशक के रूप में पिछला कार्यकाल: 21.12.2021 से 20.12.2024 तक।

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में शेयरधारिता शून्य है।

परस्पर निदेशकत्व : शून्य

अन्य निदेशकत्व: शून्य

श्री बी. चन्द्र रेड्डी या उनके रिश्तेदार के अतिरिक्त बैंक के कोई भी निदेशक और मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक अथवा उनके रिश्तेदारों की बैंक में उनकी शेयरधारिता की सीमा तक, यदि कोई हो, तो वह एजीएम की संलग्न सूचना में निर्धारित विशेष संकल्प की मद संख्या 4 से सम्बंधित अथवा हितबद्ध नहीं है ।

कार्यसूची मद सं . 5

श्री सुरेश कुमार रूंगटा की बैंक के अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्ति (पुनः नामांकन)।

राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण उपबंध) योजना, 1970 के खंड (3) के उपखंड (1) के साथ पठित बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (एच) और उपधारा (3ए) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिसूचना ईएफ.सं.6/1(vii)/2024-बीओ.I दिनांक 11 अप्रैल, 2025 के द्वारा श्री सुरेश कुमार रूंगटा को अधिसूचना की तिथि से एक वर्ष की अवधि अर्थात 11 अप्रैल, 2025 तक या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, बैंक के बोर्ड में अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के रूप में पुनः नामित किया गया है।

श्री सुरेश कुमार रूंगटा को 11 अप्रैल, 2025 को इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के निदेशक के रूप में पुनः मनोनीत किया गया है। उन्होंने कोषाध्यक्ष के रूप में बिहार राज्य में विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया है। उन्होंने बिहार वैट (2005 से) की सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में भी सक्रिय रूप से भाग लिया है। इसके अलावा उन्होंने कई किताबें भी लिखी हैं।

उन्होंने बिहार के आर्थिक, ग्रामीण विकास और कृषि संबंधी मुद्दों पर नियमित रूप से आज, दैनिक जागरण, हिंदुस्तान, प्रभात खबर आदि जैसे प्रमुख हिंदी दैनिकों में योगदान दिया है।

उन्होंने वाणिज्य (वित्त) में मास्टर डिग्री प्राप्त की है।

बैंक के निदेशक के रूप में पिछला कार्यकाल: 21.12.2021 से 20.12.2024 तक।

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक में शेयरधारिता शून्य है।

परस्पर निदेशकत्व : शून्य

अन्य निदेशकत्व: शून्य

श्री सुरेश कुमार रूंगटा या उनके रिश्तेदार के अतिरिक्त बैंक के कोई भी निदेशक और मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक अथवा उनके रिश्तेदारों की बैंक में उनकी शेयरधारिता की सीमा तक, यदि कोई हो, तो वह एजीएम की संलग्न सूचना में निर्धारित विशेष संकल्प की मद संख्या 5 से सम्बंधित अथवा हितबद्ध नहीं है ।

कार्यसूची मद सं . 6

मेसर्स श्रीनिधि श्रीधरन एंड एसोसिएट्स, कंपनी सेक्रेटरीज को वित्त वर्ष 2025-2026 से वित्त वर्ष 2029-2030 तक 5 वर्ष की लेखा परीक्षा अवधि के लिए बैंक के सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) ('एलओडीआर') विनियम, 2015 के विनियम 24ए के अनुसार, सचिवीय लेखा परीक्षक की नियुक्ति बैंक के शेयरधारकों के अनुमोदन से बोर्ड की अनुशंसा पर की जाएगी।

तदनुसार, बोर्ड ने शेयरधारकों के अनुमोदन हेतु 1,40,000/- रुपये प्रति वर्ष (व लागू कर) के शुल्क पर वित्त वर्ष 2025-2026 से वित्त वर्ष 2029-2030 तक 5 वर्ष की लेखा परीक्षा अवधि के लिए बैंक के सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में समकक्ष समीक्षा प्राप्त फर्म मेसर्स श्रीनिधि श्रीधरन एंड एसोसिएट्स, कंपनी सेक्रेटरीज की नियुक्ति की अनुशंसा की है।

मेसर्स श्रीनिधि श्रीधरन एंड एसोसिएट्स (एसएसए), कंपनी सेक्रेटरीज एक एकीकृत सीएस फर्म है जिसे वर्ष 2017 में शुरू किया गया था और यह कॉर्पोरेट कानूनों और अनुपालनों पर केंद्रित है। फर्म को सचिवीय ऑडिट, कॉर्पोरेट गवर्नेंस ऑडिट, ईएसओपी ऑडिट, लेबर ऑडिट आदि को संभालने का व्यापक अनुभव है। फर्म के पास 27.11.2024 को जारी किया गया पीयर रिव्यू सर्टिफिकेट नंबर 6279/2024 है और यह 30.11.2029 तक वैध है ।

एमएस श्रीनिधि श्रीधरन एंड एसोसिएट्स ने पुष्टि की है कि फर्म पर कोई अयोग्यता नहीं है और वह सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 24 (1ए) के अनुसार बैंक के सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त होने के लिए पात्र है।

सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में मेसर्स श्रीनिधि श्रीधरन एंड एसोसिएट्स द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएं सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 24 (1बी) के दायरे में आती हैं, जिसे सेबी परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएफडी-पीओडी-2/सीआईआर/पी/2024/185 दिनांक 31 दिसंबर, 2024 के साथ पढ़ा जाए ।

बैंक के किसी भी निदेशक और/या मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक और/या उनके रिश्तेदारों का, वित्तीय या अन्यथा, वार्षिक आम बैठक की सूचना के उल्लिखित साधारण संकल्प की मद संख्या 06 से सम्बंधित अथवा हितबद्ध नहीं है ।

कार्यसूची मद सं. 7

अनुवर्ती सार्वजनिक प्रस्ताव/ अधिकार निर्गम /योग्य संस्थागत प्लेसमेंट/सेबी (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ और श्रम-जन्य इक्विटी) विनियम, 2021 के तहत कर्मचारियों को शेयर जारी करने / एलआईसी और अन्य बीमा कंपनियों को तरजीही आधार पर शेयर जारी करने / म्यूचुअल फंड/ क्यूआईबी या किसी अन्य तरीके या इनके संयोजन के माध्यम से एक या एक से अधिक किस्तों में 4000 करोड़ रुपये (शेयर प्रीमियम सहित) तक की इक्विटी पूंजी जुटाने हेतु ।

1. आरबीआई के बेसल III दिशानिर्देशों का पालन करने और एक मजबूत पूंजी आधार रखने के लिए जिससे व्यवसाय के विकास के लिए आवश्यक पूंजी सहायता प्रदान की जा सके, बैंक को पूंजी की निरंतर आवश्यकता होती है।
2. भारत सरकार के राजपत्र अधिसूचना संख्या जीएसआर 520 (ई) दिनांकित 30 जुलाई 2021, आगे प्रतिभूति संविदा (विनियम) नियम (एससीआरआर), 1957 के तहत संशोधित प्रावधान और एससीआरआर में उक्त संशोधन के संदर्भ में, केंद्र सरकार जनहित में किसी सूचीबद्ध सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी को एससीआरआर के किसी या सभी प्रावधानों से छूट दे सकती है।
3. इसके बाद, केंद्र सरकार ने अपने पत्र संदर्भ सं. एफ.सं. 1/14/2018-पीएम (भाग) दिनांकित 19 जुलाई 2024 के जरिए सेबी को अवगत कराया कि केंद्र सरकार ने जनहित में निर्णय लिया है कि प्रत्येक सूचीबद्ध सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी, जैसा कि एससीआरआर, 1957 में परिभाषित है, जिसकी सार्वजनिक शेयरधारिता पच्चीस प्रतिशत से कम है और जो एससीआरआर, 1957 के नियम 19क में निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपनी सार्वजनिक शेयरधारिता को कम से कम पच्चीस प्रतिशत तक नहीं बढ़ा सके, उन्हें अपनी सार्वजनिक शेयरधारिता को कम से कम पच्चीस प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए 01.08.2026 तक छूट मिलेगी।
4. बैंक के निदेशक मंडल ने दिनांक 2 मई 2025 को अपनी बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन और अन्य आवश्यक सांविधिक / नियामक अनुमोदनों के अधीन विभिन्न उपलब्ध विकल्पों के माध्यम से रु. 4000 करोड़ (प्रीमियम सहित) की प्रदत्त इक्विटी पूंजी जुटाने के लिए मंजूरी दे दी है ।
5. तदनुसार, अनुवर्ती सार्वजनिक प्रस्ताव / अधिकार इश्यू / योग्य संस्थागत प्लेसमेंट / सेबी (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ और स्वेट इक्विटी) विनियम, 2021 के तहत कर्मचारियों को शेयर जारी करने / एलआइसी और अन्य बीमा कंपनियों को अधिमानी आधार पर शेयर जारी करने / म्यूचुअल फंड / क्यूआइबी या किसी अन्य मोड या उसके संयोजन के माध्यम से बैंक में सार्वजनिक शेयरधारिता बढ़ाने के लिए इक्विटी पूंजी जुटाने का

प्रस्ताव रखता है। मौजूदा बाज़ार स्थितियों के आधार पर बैंक द्वारा इन विकल्पों का प्रयोग किया जाएगा ।

6. पूर्वोक्त इक्विटी पूंजी भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक और बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, राष्ट्रीयकृत बैंकों (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970, सेबी आइसीडीआर विनियम और सेबी के अन्य प्रासंगिक दिशानिर्देशों / विनियमों और स्टॉक एक्सचेंजों के साथ लिस्टिंग समझौते के अनुपालन और निर्धारित अन्य प्राधिकरणों से उचित अनुमोदन के साथ जुटाई जाएगी ।

7. बैंक, बैंकिंग कंपनी (अधिग्रहण और उपक्रम का हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 3(2ख) (ग) के अनुसार, प्रदत्त पूँजी बढ़ाने के लिए वित्त मंत्रालय, भारत सरकार से अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करेगा। हालांकि, केंद्र सरकार, हमेशा, बैंक की प्रदत्त इक्विटी पूंजी के बावन प्रतिशत से कम नहीं रखेगी।

8. एलओडीआर विनियम, 2015 के नियम 41 में प्रावधान है कि जब भी बैंक द्वारा कोई और निर्गम या प्रस्ताव दिया जाता है, तो मौजूदा शेयरधारकों को समानुपातिक आधार पर उसकी पेशकश करनी है, जब तक कि साधारण बैठक में शेयरधारक अन्यथा निर्णय नहीं ले लेते। उक्त संकल्प, यदि पारित हो जाता है, तो बैंक ओर से बोर्ड को निर्गम करने की अनुमति देने और मौजूदा शेयरधारकों को यथानुपात आधार पर प्रतिभूतियों को जारी और आबंटित करने का अधिकार होगा ।

9. यह संकल्प बैंक को फॉलो-ऑन पब्लिक इश्यू के माध्यम से और/या निजी प्लेसमेंट के आधार पर या भारत सरकार / आरबीआइ द्वारा अनुमोदित किसी अन्य मोड पर इक्विटी शेयर/अधिमान शेयर/प्रतिभूतियों को बनाने, पेश करने, जारी करने और आवंटित करने में सक्षम बनाता है। इश्यू से प्राप्त राशि बैंक को समय-समय पर आरबीआइ द्वारा निर्दिष्ट पूंजी पर्याप्तता आवश्यकताओं को मजबूत करने में सक्षम बनाएगी।

10. यह संकल्प आईसीडीआर विनियमों द्वारा परिभाषित क्वालिफाइड संस्थागत ख़रीदारों के साथ क्वालिफाइड संस्थागत प्लेसमेंट करने के लिए निदेशक मंडल को सशक्त बनाने का प्रयास करता है । शेयरधारकों से नए सिरे से अनुमोदन मांगे बिना, निदेशक मंडल अपने विवेक से बैंक के लिए धन जुटाने के लिए आईसीडीआर विनियमों के अध्याय VIII के तहत निधारित तंत्र को अपना सकता है ।

11. सेबी आईसीडीआर विनियमों के अध्याय VI के संदर्भ में एक क्यूआईपी निर्गम के मामले में, क्यूआईपी के आधार पर प्रतिभूतियों का निर्गमन साप्ताहिक उच्च के औसत से कम नहीं और "प्रासांगिक तिथि" से पहले दो सप्ताह के दौरान स्टॉक एक्स्चेंज पर उद्धृत शेयर को समापन मूल्य के निम्न मूल्य पर किया जा सकता है । "प्रासंगिक तिथि" का अर्थ उस बैठक की तिथि से है जिसमें बोर्ड या बैंक की समिति क्यूआईपी निर्गम को खोलने का निर्णय लेती है ।

12. बाजार की मौजूदा स्थितियों और अन्य नियामक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, प्रस्ताव के लिए विस्तृत नियम और शर्तें सलाहकारों, अग्रणी प्रबन्धकों और अंडरराइटर्स तथा ऐसे अन्य प्राधिकरण या प्राधिकरणों के परामर्श से निर्धारित की जाएंगी।

13. जारी किए जाने वाले शेयरों की कीमत बताना संभव नहीं है, जैसा कि मूल्य निर्धारण के ऑफर को बाद के चरण के अतिरिक्त तय नहीं किया जा सकता है। हालांकि, यह समय-समय पर संशोधित यदि लागू हों सेबी आइसीडीआर विनियमों, बैंकिंग कंपनियों (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 और इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (शेयर व बैठक) विनियम, 2003 के प्रावधानों या कोई अन्य दिशानिर्देश/विनियम/सहमति जो लागू या आवश्यक हो के अनुसार होगा

14. पूर्वोक्त कारणों से, इस मुद्दे की शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए बोर्ड को पर्याप्त अधिकार और विवेक देने के लिए एक समर्थकारी संकल्प पारित करने का प्रस्ताव है ।

15. आबंटित इक्विटी शेयर, बैंक के मौजूदा इक्विटी शेयरों के साथ हर तरह से समान रैंक के होंगे।

16. इस उद्देश्य के लिए, बैंक को एक विशेष संकल्प के माध्यम से शेयरधारकों की सहमति प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। अतः उपरोक्त प्रस्ताव के लिए आपकी सहमति का अनुरोध किया जाता है।

17. बैंक या उसका कोई भी निदेशक या प्रमोटर, इरादतन चूककर्ता या भगोड़ा आर्थिक अपराधी नहीं है।

18. कोई भी निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक या उनके रिश्तेदार विशेष संकल्प में रुचि नहीं रखते हैं, जैसा कि नोटिस के एजेंडा आइटम नंबर 7 में निर्धारित किया गया है।

कार्यसूची मद सं. 8

बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित पूंजी जुटाने की योजना के अनुसार, ₹4,000 करोड़ (शेयर प्रीमियम सहित) कुल इश्यू साइज़ के भीतर ₹10 के अंकित मूल्य के ऐसे भुगतान किए गए इक्विटी शेयरों की एक या एक से अधिक किस्तों में, बनाना, देना, जारी करना और आवंटित करना ऐसे स्थायी कर्मचारियों को, चाहे वे भारत में या भारत के बाहर कार्यरत हों, जिसे आगे आइओबी-ईएसपीएस 2025-26 के रूप में संदर्भित किया जाएगा।

बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बैंक के कार्यपालक निदेशकों ("पात्र कर्मचारी") सहित बैंक के सभी स्थायी कर्मचारियों को "आइओबी-ईएसपीएस 2025-26" के तहत बताए गए नियमों और शर्तों पर या बोर्ड या इक्विटी शेयर जारी करने के लिए निदेशकों की समिति (समिति) द्वारा तय किए गए कानूनों, नियमों, विनियमों और दिशानिर्देशों के अधीन, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ इक्विटी शेयर देने का प्रस्ताव करता है:

(i) पात्र कर्मचारियों को प्रोत्साहन प्रदान करना, ताकि बैंक के विकास और लाभप्रदता में योगदान देने के लिए बेहतर प्रदर्शन की दिशा में उनके प्रयासों को प्रोत्साहित किया जा सके।

(ii) बैंक के विकास में निरंतर सहयोग और योगदान के लिए पात्र कर्मचारियों को पुरस्कृत करना।

(iii) पात्र कर्मचारियों को बैंक में मालिकाना हक प्राप्त करने के साधन उपलब्ध कराकर इक्विटी स्वामित्व को प्रोत्साहित करना।

यदि आवश्यकता हो तो उक्त प्रस्ताव भारत सरकार/आरबीआई/सेबी/स्टॉक एक्सचेंजों और अन्य नियामक निकायों से अनुमोदन के अधीन है ।

उपरोक्तानुसार जारी इक्विटी शेयर, बैंक के मौजूदा इक्विटी शेयरों के साथ हर तरह से समान रैंक के होंगे।

एलओडीआर विनियम के नियम 41 में प्रावधान है कि जब भी बैंक द्वारा कोई और निर्गम या प्रस्ताव दिया जाता है, तो मौजूदा शेयरधारकों को समानुपातिक आधार पर उसी की पेशकश करनी है, जब तक कि साधारण बैठक में शेयरधारक अन्यथा निर्णय नहीं ले लेते। उक्त संकल्प, यदि पारित हो जाता है, तो बैंक ओर से बोर्ड को निर्गम करने की अनुमति देने और मौजूदा शेयरधारकों को यथानुपात आधार पर प्रतिभूतियों को जारी और आबंटित करने का अधिकार होगा ।

इसके अतिरिक्त, सेबी (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ व जन्य इक्विटि) विनियम, 2021 (सेबी विनियम) के विनियम 6 व 14 के अनुसार, बैंक की प्रतिभूतियों को शामिल करते हुए सभी कर्मचारियों की लाभ योजना सेबी विनियमों व इस संबंध में सेबी द्वारा तैयार किए गए अन्य दिशानिर्देशों, विनियमों आदि के अनुपालन में होंगी ।

सेबी (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) विनियमों की अनुसूची के भाग सी में उल्लिखित वर्णितानुसार, निम्नलिखित “आइओबी – ईएसपीएस 2025-26” के व्यापक निबंधन व शर्तों के साथ होगा ।

ए. योजना का संक्षिप्त विवरण

बैंक, अपने प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी, कार्यपालक निदेशकों ("पात्र कर्मचारी") सहित बैंक के सभी स्थायी कर्मचारियों को "आइओबी-ईएसपीएस 2025-26" के तहत बताए गए नियमों और शर्तों पर या बोर्ड या इक्विटी शेयर जारी करने के लिए निदेशक समिति (समिति) द्वारा तय किए गए क़ानूनों, नियमों, विनियमों और दिशानिर्देशों के अधीन इक्विटी शेयर देने के मंशा रखता है , अन्य बातों के साथ-साथ, प्रस्ताव के समय बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित ₹4,000 करोड़ (शेयर प्रीमियम सहित) की समग्र सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए ।

बी. प्रदान किए जाने वाले शेयरों की कुल संख्या

इस योजना के तहत जारी किए जाने वाले प्रस्तावित नए इक्विटी शेयरों की संख्या बोर्ड या इक्विटी शेयर जारी करने के लिए निदेशकों की समिति (समिति) द्वारा तय की जाएगी और यह बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित ₹4,000 करोड़ (शेयर प्रीमियम सहित) की समग्र सीमा के भीतर होगी, ऐसे स्थायी कर्मचारियों के लिए जो भारत में कार्यरत हों या बाहर, “आइओबी-ईएसपीएस 2025-26” के तहत एक या अधिक किस्तों में होंगे।

सी. आइओबी ईएसपीएस – 2025 – 26 में भाग लेने व लाभार्थी बनने के हक़दार कर्मचारियों के वर्ग की पहचान

बैंक के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, कार्यपालक निदेशक गण समेत बैंक के सभी स्थाई कर्मचारी।

डी. वेस्टिंग की आवश्यकता व वेस्टिंग की अवधि

इक्विटी शेयरों को सीधे पेश और आवंटित करने का प्रस्ताव है, इसलिए इसमें वेस्टिंग की अवधि नहीं होगी।

ई. अधिकतम अवधि (विनियमों के विनियम 18 (1) व 24 (1), जैसा भी मामला हो, के अधीन) जिसके भीतर विकल्प / एसएआरएस/ लाभ प्रदान किया जाएगा ।

लागू नहीं ।

एफ. विकल्प प्रयोग मूल्य, एसएआर मूल्य, क्रय मूल्य या मूल्य निर्धारण फॉर्मूला

इक्विटि शेयरों के निर्गमन हेतु क्रय मूल्य या मूल्य निर्धारण फॉर्मूला का निर्धारण ऑफर के समय सेबी (एसईबीई) विनियम के अनुसार बोर्ड या निदेशकों की समिति द्वारा तय किया जाएगा ।

जी. विकल्प प्रयोग अवधि तथा विकल्प प्रयोग की प्रक्रिया

बोर्ड/समिति के निर्णय के अनुसार जिस अवधि के दौरान निर्गम खुला रहेगा, वह विकल्प प्रयोग अवधि होगा। इस विकल्प प्रयोग की प्रक्रिया में, अन्य बातों के साथ-साथ, पात्र कर्मचारियों को ऑफर देना, आवेदन और अंशदान राशि की प्राप्ति तथा योजना के अनुसार शेयरों का आवंटन शामिल होंगे ।

एच. "आइओबी - ईएसपीएस 2025-26" के लिए कर्मचारियों की पात्रता का निर्धारण हेतु मूल्यांकन प्रक्रिया

शेयरों की ऑफरिंग / निर्गमन की तारीख तक बैंक के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालय अधिकारी, कार्यपालक निदेशक समेत बैंक के सभी स्थाई कर्मचारी जो भारत में कार्यरत हों या बाहर, लागू विनियामक अपेक्षाओं व दिशानिर्देशों के अधीन भाग लेने के हक़दार होंगे ।

आइ. प्रति कर्मचारी व समग्रता में जारी विकल्प, एसएआर, शेयर, जैसा भी मामला हो, की अधिकतम संख्या

योजना के अंतर्गत प्रति कर्मचारी जारी किए जाने वाले प्रस्तावित नए इक्विटी शेयरों की अधिकतम संख्या का निर्णय इस प्रयोजन के लिए गठित निदेशकों की समिति द्वारा तय किया जाएगा तथा प्रति कर्मचारी जारी किए जाने वाले प्रस्तावित शेयर बैंक की जारी चुकता पूंजी के 1% से अधिक नहीं होने चाहिए ।

जे. योजना के तहत कर्मचारी को प्रदान किए जाने वाले लाभ की अधिकतम प्रमात्रा

चूंकि नए शेयरों का "आइओबी ईएसपीएस 2025-26 के तहत निर्गमन प्रस्तावित है, पात्र कर्मचारियों को कोई अन्य लाभ नहीं प्रदान किया जाएगा ।

के. क्या योजना(ओं) को सीधे कंपनी द्वारा कार्यान्वित तथा एड्मिनिस्टर किया जाना है या न्यास के जरिए

आइओबी ईएसपीएस 2025-26 सीधे बैंक द्वारा कार्यान्वित तथा एड्मिनिस्टर किया जाएगा ।

एल. क्या योजना(ओं) में कंपनी द्वारा नए शेयरों का निर्गमन न्यास द्वारा द्वितीयक अधिग्रहण या दोनों शामिल है

"आइओबी ईएसपीएस 2025-26" के तहत बैंक नए इक्विटि शेयरों को सीधे पात्र कर्मचारियों को जारी करेगा ।

एम. कंपनी द्वारा न्यास को योजना(ओं) के कार्यान्वयन हेतु प्रदान की जाने वाली ऋण की राशि, उसकी अवधि, उपयोग, चुकतान निबंधन आदि

चूंकि, बैंक द्वारा "आइओबी ईएसपीएस 2025-26" के तहत शेयरों को सीधे पात्र कर्मचारियों को जारी किया जाता है, न्यास के गठन या न्यास को ऋण प्रदान किए जाने प्रश्न नहीं उठता ।

एन. सेकंडरी अधिग्रहण की प्रतिशतता (सेबी विनियमों के तहत निर्दिष्ट सीमा के अधीन) जिसे योजना(ओं) के लिए न्यास द्वारा किया जा सकता है

लागू नहीं

ओ. कंपनी विनियम 15 में निर्दिष्ट लेखांकन नीतियों के अनुरूप होगी' इस अर्थ की विवरणी

बैंक, समय-समय पर लागू होने पर सेबी (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) विनियम 2021 के विनियम 15 में निर्दिष्ट लेखांकन नीतियों के अनुरूप करेगा ।

पी. प्रक्रिया जिसे कंपनी अपने विकल्पों या एसएआर के मूल्य निर्धारण के लिए प्रयोग करेगी ।

प्रस्तावित योजना के अंतर्गत, बैंक नए इक्विटी शेयर जारी करने का प्रस्ताव करता है और इस प्रकार, विकल्प या एसएआर का मूल्यांकन लागू नहीं होता ।

क्यू. निम्नलिखित विवरणी, यदि लागू हो

यदि कंपनी याथार्थ मूल्य के आधार पर शेयर आधारित कर्मचारी लाभ के विकल्प को चुनती है तो कर्मचारी क्षतिपूर्ति लागत व उचित मूल्य के उपयोग पर आने वाले कर्मचारी क्षतिपूर्ति लागत के अंतर को निदेशक रिपोर्ट में प्रकट किया जाएगा और इस अंतर की वजह से कंपनी के लाभ व प्रति शेयर अर्जन ("ईपीएस") पर पड़ने वाले प्रभाव को भी निदेशक रिपोर्ट में प्रकट किया जाएगा। बैंक उक्त अपेक्षाओं का आवश्यकता पड़ने पर पालन करेगा।

आर. लॉक इन अवधि:

आइओबी ईएसपीएस 2025 – 26 के तहत जारी इक्विटि शेयरों को सेबी विनियमों के अनुसार आबंटन की तारीख से न्यूनतम एक वर्ष की अवधि के लिए लॉक किया जाएगा।

एस. योजना के अंतर्गत कवर की गई निर्दिष्ट प्रतिभूतियों/विकल्पों की पुनर्खरीद, यदि कोई हो, के लिए एस. नियम और शर्तें:

यदि बैंक किसी भी समय योजना के अंतर्गत जारी किए गए शेयरों की पुनर्खरीद करना चाहता है तो यथा समय लागू विधिक प्रावधानों और इसके लिए लागू नियम और शर्तें के अधीन बोर्ड प्रक्रिया निर्धारित करेगा।"

इसलिए बैंक को विशेष संकल्प के जरिये शेयरधारकों से सहमति प्राप्त करनी होगी। अतः उक्त प्रस्ताव हेतु आपकी सहमति का अनुरोध है।

निदेशक मंडल प्रस्तावित विशेष संकल्प के पारित होने को संस्तुति करता है। बैंक का कोई भी निदेशक उक्त संकल्प (पों) के प्रति हित या सरोकार नहीं है, बिना बैंक में शेयरधारिता की सीमा के, यदि कोई हो।

निदेशक मंडल की ओर से
कृते इण्डियन ओवरसीज़ बैंक

- ह/ -

अजय कुमार श्रीवास्तव
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

स्थान: चेन्नै
दिनांक : 06, जून 2025

NOTICE OF THE 25TH ANNUAL GENERAL MEETING

NOTICE TO SHAREHOLDERS

NOTICE is hereby given pursuant to Regulation 56(i) of the Indian Overseas Bank (Shares and Meetings) Regulations, 2003 (Amended up to 2008) that the Twenty Fifth **Annual General Meeting (AGM) of the Shareholders of Indian Overseas Bank** will be held on **Wednesday, July 02, 2025**, at **11:00 a.m. (IST) through Video Conferencing (VC) / Other Audio-Visual Means (OAVM)** to transact the following business:

ORDINARY BUSINESS

AGENDA ITEM NO 1:

To discuss, approve and adopt the Audited Standalone and Consolidated Balance Sheet of the Bank as of March 31, 2025, Standalone and Consolidated Profit and Loss account and Cash Flow Statement for the year ended on that date, the Report of the Board of Directors on the working and activities of the Bank for the period covered by the Accounts and the Auditors' Report on the Balance Sheet and Accounts.

SPECIAL BUSINESS

AGENDA ITEM NO 2:

Appointment of Ms. Neelam Agrawal as Non-Executive Director (Government Nominee Director) of the Bank.

To consider and if thought fit, to pass, with or without modification(s), the following Resolution as an **Ordinary Resolution:**

"**RESOLVED THAT** pursuant to Regulation 17 (1C) of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 as amended from time to time, the appointment of **Ms. Neelam Agrawal** as **Non-Executive Director (Government Nominee Director)** of the Bank under clause (b) of sub-section (3) of section 9 of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, vide the Govt. of India (GOI) Notification eF.No.6/2(ii)/2022-BO.I dated August, 05,2024 with immediate effect and until further orders of the Govt. of India, be and is hereby approved."

AGENDA ITEM NO 3:

Appointment (Re-nomination) of Shri Deepak Sharma as the Part-Time Non-Official Director of the Bank.

To consider and if thought fit, to pass, with or without modification(s), the following Resolution as an **Special Resolution:**

"**RESOLVED THAT** pursuant to Regulation 17 (1C) of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 as amended from time to time, the Appointment (Re-nomination) of **Shri Deepak Sharma** as the **Part-Time Non-Official Director of the Bank** under Clause (h) of sub-section (3) and sub-section (3A) of Section 9 of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970(5 of 1970) read with sub-clause (1) of clause (3) of the Nationalized Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, vide the Govt. of India Notification eF. No. 6/1(v)/2024-BO.I dated April 11, 2025, for a period of one year from the date of notification, or until further orders of the Govt. of India, whichever is earlier, be and is hereby approved."

AGENDA ITEM NO 4:

Appointment (Re-nomination) of Shri B. Chandra Reddy as the Part-Time Non-Official Director of the Bank.

To consider and if thought fit, to pass, with or without modification(s), the following Resolution as an **Special Resolution:**

"**RESOLVED THAT** pursuant to Regulation 17 (1C) of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 as amended from time to time, the Appointment (Re-nomination) of **Shri B. Chandra Reddy** as the **Part-Time Non-Official Director of the Bank** under Clause (h) of sub-section (3) and sub-section (3A) of Section 9 of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970(5 of 1970) read with sub-clause (1) of clause (3) of the Nationalized Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, vide the Govt. of India Notification eF. No. 6/1(vi)/2024-BO.I dated April 11, 2025, for a period of one year from the date of notification, or until further orders of the Govt. of India, whichever is earlier, be and is hereby approved."

AGENDA ITEM NO 5:

Appointment (Re-nomination) of Shri Suresh Kumar Rungta as the Part-Time Non-Official Director of the Bank.

